## संक्षिप्त

### फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**मालपुरा।** पचेवर थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुये बुधवार को लम्बे समय से फरार चल रहै स्थाई वारंटी राहुल पुत्र सीताराम सैन निवासी झाडली को किया गिरफ्तार। थानाधिकारी ने बताया कि एक से पन्द्रह मार्च तक पुलिस द्वारा फरार स्थाई वारंटियो की गिरफ्तारी को लेकर चलाये जा रहै विशेष अभियान के तहत थाने मे दर्ज एनआई एक्ट के मामले मे फरार चल रहै स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया गया है।

### होली फाल्गुन उत्सव मनाया

**श्रीमाधोपुर।** महर्षि वाल्मीकि बस्ती श्रीमाधोपुर में होली फाल्गुन उत्सव मंगलवार को मनाया गया। सेवा भारती द्वारा संचालित संस्कार केंदो के प्रकल्प शिक्षिका ने इस कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। मुख्य वक्ता के रूप में विनोद कुमार प्रचारक सेवा भारती संगठन मंत्री सीकर ने सभी बच्चों व आगंतुको का मार्ग दर्शन किया। उन्होंने कहा कि होली का त्यौहार हमारी संस्कृति व हिंदू समाज को संगठित करने का व भेदभाव को मिटाकर, समाज को संदेश दिया हम सब लोगों को बुराई से अच्छाई की ओर ले जाने की बात कही। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत शिक्षक ओमप्रकाश पचौरी ने की।

### फाग उत्सव कार्यक्रम का आयोजन

**दूदू ।** निकटवर्ती पडासोली स्थित बिफ एण्ड ब्राइट टीटी कॉलेज सभागार में होली के पूर्व फाग उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर फूलों से राधा कृष्ण की झांकियां सजाई जाकर विद्यार्थियों द्वारा भजनों की प्रस्तुतियों की गई बीएड प्रथम वर्ष की सिमरन सैनी प्रियंका खोजी द्वारा राधा कृष्ण की भूमिका निभाई गई बीएड बीएड प्रथम वर्ष की छात्रा रिया किस्मत टीना सरिता रिंकू व मनीषा राधिका लक्ष्मी सपना सैनी की टीम द्वारा होली खेल रहे कुंज बिहारी भजन पेश कर सभी को भाव विभोर कर दिया गया इस अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर अंजु भारद्वाज द्वारा फाग उत्सव विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला गया समारोह में डॉ प्रियंका डॉक्टर संगीता माथुर मोनिका शर्मा सहित सभी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे

### विप्र फाउंडेशन ने किया चौहान का स्वागत

**टोंक।** विप्र फाउंडेशन टोंक द्वारा भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि देश और समाज के उत्थान में प्रत्येक व्यक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज राष्ट्र की सामाजिक एवं सांस्कृतिक धारा का महत्वपूर्ण स्तंभ है। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन जिला अध्यक्ष राजेश शर्मा,पूर्व जिला महामंत्री पंडित महावीर शर्मा, एडवोकेट रमेश शर्मा, पवन सागर, शंभू शर्मा, कैलाश शर्मा,शैलेन्द्र चौधरी, दशरथ भाटी, हितेश शर्मा,राहुल शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

### पत्रकार होली मिलन समारोह कार्यक्रम 26 मार्च को

**फुलेरा।** ऑल इण्डिया पत्रकार एकता सहायता संगठन के तत्वावधान में पत्रकार होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन आगामी 26 मार्च प्रातः 11 बजे को जिला पंचायत सभागार गाजीपुर में मनाया जायेगा। उपरोक्त जानकारी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविन्द कुमार गौरव के द्वारा दी गई। साथ ही सभी राज्यों एवं जिले के पदाधिकारियों एवं सदस्य पत्रकारों को कार्यक्रम में पधारने की अपील की है। वहीं आगे बताया कि कार्यक्रम के दौरान पत्रकार हितों को लेकर भी चर्चा एवं विचार विमर्श किया जायेगा।

### भाजपा का होली मिलन समारोह आज

**निवाई।** भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में गुरूवार को विधायक रामसहाय वर्मा व नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी के सानिध्य में जैन पेराडाईज में होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। पार्षद नितिन छाबडा ने बताया कि समारोह में सरपंच, सीआर, डीआर, पार्षद, भाजपा कार्यकर्ता व पार्टी के पदाधिकारियों सहित कई जनप्रतिनिधि भाग लेंगे।

### महायज्ञ कल से

शाहपुरा। शाहपुरा के कुम्भावास में लोक देवता बाबा नंदीनाथ का एक दिवसीय यज्ञ व मेला भंडारा 14 मार्च शुक्रवार को आयोजित होगा।

# राज्यपाल ने सरकार की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक ली



राज्यपाल ने जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की।

**दौसा।** राज्यपाल जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। राज्यपाल ने ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि गांवों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें और कोई भी आवास शौचालय रहित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने मनरेगा के माध्यम से गांवों में अच्छे खेल मैदानों की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। राजीविका गतिविधियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने स्वयं सहायता समूहों से जुडी महिलाओं की ओर से बनाए जाने वाले उत्पादों और उनसे होने वाली वार्षिक आय की विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने इन उत्पादों की बेहतर मार्केटिंग कर बाजार मुहैया कराने के निर्देश देते हुए कहा कि जिला स्तर पर इन समूहों की आय के समुचित आंकडे संधारित करते हुए हर वर्ष लक्षित वृद्धि हासिल कर महिलाओं को आर्थिक सशक्त बनाएं। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने जिले में सडकों की स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में कोई भी गांव और ढाणी सडक से वंचित नहीं रहें। हर ढाणी तक मनरेगा के माध्यम से ग्रेवल सडक से सुगम रास्ता सुनिश्चित करें। उन्होंने हाइवे की निरन्तर मॉनिटरिंग करते हुए समय पर मरम्मत कार्य कराने के निर्देश दिए।

> ■ 'विकास कार्यो को तय समय सीमा में पूरा करें, कल्याणकारी योजनाओं का फायदा हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाएं'

उन्होंने किसानों के बीच सिंचाई के लिए सोलर पंप सेट को प्रोत्साहित करने के साथ लम्बित कृषि बिजली कनेक्शन करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सॉयल हेल्थ कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित कृषि एवं पशुपालन से जुडी योजनाओं की समीक्षा कर काश्तकारों को अधिकाधिक लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार ने कहा कि राज्यपाल महोदय की ओर से विभिन्न योजनाओं का और बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करने के लिए दिए दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित कराई जाएगी। इससे पुर्व जिला स्तरीय अधिकारियों ने पॉवर प्वॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से संबंधित विभागीय योजनाओं की प्रगति की बिन्दुवार जानकारी से राज्यपाल को अवगत कराया।

बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक सागर, उप वन संरक्षक अजित उंचोई, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेन्द्र कुमार मीणा, अतिरिक्त जिला कलक्टर रामस्वरूप चौहान एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर लालसोट मनमोहन मीणा सहित प्रशासनिक, पुलिस एवं विभागीय जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**निवाई।** स्कूल शिक्षा परिवार ने अध्यक्ष शिवदयाल पंवार के नेतृत्व में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपा है। स्कूल परिवार के स्थानीय अध्यक्ष शिवदयाल पंवार ने बताया कि आरटीई भुगतान हेतु यूनिट कास्ट 100 प्रतिशत गलत भुगतान कर प्रति स्कूल करीब 1 लाख से अधिक का नुकसान किया जा रहा है। इसके अलावा सत्र में दो बार के बजाय तीन-तीन साल तक भुगतान नहीं देकर लोन हेतु मजबूर किया जा रहा है। इसके साथ ही आरटीई के प्रवेश के टाइम फ्रेम में कम रखकर गरीब बच्चों का हक भी छीन रहे हैं। पुस्तकों का भुगतान करने के नाम पर जन आधार जोडक़र भुगतान में देरी करना चाहते हैं। उक्त सभी समस्याओं का शीघ्र संभावना करने समाधान करने को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान रामेश्वर प्रसाद जांगिड़ विष्णुदत्त शर्मा, राम कल्याण चौधरी, कमलेश गौतम, शिवराज चौधरी, बृज सुंदर शर्मा, यशवर्धन शर्मा, जयसिंह चौहान, अमन चौधरी, पंकज चौधरी, दिनेश सैन, रतन लाल सैनी व हिम्मत सिंह सहित कई संस्था प्रधान मौजूद थे।

# गोविंदगढ़ सी. एच. सी. का तहसीलदार ने किया निरीक्षण

**गोविंदगढ़ /अलवर ।** गोविंदगढ़ तहसीलदार आर के यादव ने राजकीय सामुदायिक केंद्र का किया निरीक्षण और डॉक्टर को लगाई फटकार सिस्टम को सुधारने की दी चेतावनी अस्पताल की हालत इतनी बत्तर बना रखी है। कि ओपीडी के मुख्य द्वार का गेट भी टूटा हुआ मिला तो तहसीलदार आरके यादव देखकर हुए नाराज की अस्पताल की क्या दुर्दशा बना रखी है आप लोगों अच्छी खासी तनखा मिलती है क्या कि तुम इस गेट को भी नहीं सुधरवा सकते हो इतने पैसे नहीं है आप लोगों के पास अस्पताल का फंड भी आता होगा वह कहां जाता है बीसीएमएचओ निशि अग्रवाल से एवं चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर राकेश टुटेजा से बाहर की महंगी दवाई लिखी जाती है जिनका भारी भरकम कमिशन चिकित्सकों को मिलता है डीएनसी करने के रुपए भी लिए जाते हैं जवाब सवाल किया तो तो दोनों ही अधिकारी सवालों का जवाब देने में असमर्थ दिखाई दिए किन कारणों से अस्पताल के हालात बत्तर है चिकित्सकों की मनमानी जब चाहे जहां चाहे बैठ जाते हैं मरीज को देखने के लिए जिसकी कई बार शिकायत मिल चुकी है।

तहसीलदार ने रिपोर्ट जिला कलेक्टर महोदय को रिपोर्ट देने की बात कही डॉक्टर जय अग्रवाल जो कि दांतों की डॉक्टर है के बारे में भी शिकायत मिल रही थी, डॉ सुनील कुमार वर्मा के बारे में भी शिकायत मिल रही थी जानकारी ली और दोनों ही डॉक्टरों की उपस्थिति रजिस्टर पर डॉक्टर जय अग्रवाल के हस्ताक्षरों का एवं लोकेशन सहित रिकॉर्ड उपलब्ध कराने के आदेश दिए गोविंदगढ़ कस्बे के राजकीय सामुदायिक केंद्र मैं कार्यरत चिकित्सक सुनील कुमार वर्मा ओपीडी खत्म होने के बाद मुख्य द्वार पर कुर्सी टेबल लगाकर मरीज को देखते हैं जो कि नियम विरुद्ध है।

> ■ 'विकास कार्यो को तय समय सीमा में पूरा करें, कल्याणकारी योजनाओं का फायदा हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाएं'

स्वयं बीसीएमएचओ 11 मार्च 2025 को निशि अग्रवाल भी बरामदे में ओपीडी के समय मरीजों को देखते हुए दिखाई दिए सरेआम नियमों की धज्जियां उड़ा रहे चिकित्सक कर रहे अपनी मनमानी हैं। प्रैक्टिस एलाउंसमेंट मिलने की बावजूद भी मरीजो से 100 रुपये फीस ली जाती है ।खुलेआम बाहर की दवाई भी लिखी जाती है भारी भरकम कमिशन मिलता है बाहर की दवाई लिखने पर डॉक्टर सुनील कुमार वर्मा अपने निजी वाहन से प्रतिदिन अप डाउन करते हैं बीना परमिशन लिये हेड क्वार्टर छोड़ कर अपने गांव चले जाते है।ड्यूटी पर अक्सर लेट आते है और आते ही उपस्थिति रजिस्टर पर साइन करते हैं डॉक्टर सुनील कुमार वर्मा के बारे में एवं उनके व्यवहार के बारे में कई बार उच्च अधिकारियों को दूरभाष के जरिए भी अवगत करा दिया

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार से सोमवार हॉस्पिटल आती है या फिर कोई कैंप हो तब आती है कहने का तात्पर्य यह है। कि दो-चार दिन ही पूरे महीने में आती हैं घर बैठे ही राजस्थान सरकार से तनखा ले रही है। जिसकी वजह यह है कि उनके पति डॉक्टर निशि अग्रवाल गोविंदगढ़ में बीसीएमएचओ है गोविंदगढ़ सामुदायिक केंद्र राम भरोसे चल रहा जो चाहे जहां चाहे बैठकर मरीजों को देखने लग जाते हैं।

# पतंजलि रिसर्च अनुसंधान में किसान प्रशिक्षण का आयोजन



औषधीय पौधों की खेती में कृषि उद्यिमता के विकास के लिए क्षेत्रीय प्रशिक्षण का दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजन हुआ।

**जयपूर।** भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड (एनएमपीबी) योजना द्वारा प्रायोजित विषय ''औषधीय पौधों की खेती में कृषि उद्यिमता के विकास के लिए क्षेत्रीय प्रशिक्षण''का दो दिवसीय आयोजन पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन और पतंजलि विश्वविद्यालय के सहयोग से पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन के सभागार में किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। स्वामी रामदेव जी एवं पूज्य बालकृष्ण जी ने

> ■ भारत ऋषि और कृषि का देश है : योगऋषि स्वामी रामदेव

अतिथियों का स्वागत शाल और माला पहनाकर किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और वक्ता के रूप में डॉ. कुणाल भट्टाचार्य,डॉ. अरुण चंदन,श्रीमती मीनाक्षी,श्वेता,डॉ. जितेंद्र सिंह बुटोला,प्रो. प्रदीप कुमार,पवन कुमार,कवीन्द्र सिंह,ज्ञान प्रकाश,अमित काले,भानुप्रताप सिंह और प्रो. मयंक कुमार अग्रवाल ने सहभागिता की। कृषि संबंधित विषयों पर उपस्थित किसानों का मार्गदर्शन किया गया।

कार्यक्रम में योगऋषि स्वामी रामदेव जी ने कहा कि कृषि उद्यिमता खेती का एक ऐसा दृष्टिकोण है,जो सामाजिक,आर्थिक और पर्यावरणीय प्रक्रियाओं के आपसी संबंधों को महत्त्वपूर्ण मानता है। छोटे किसान अपने व्यक्तिगत उपभोग के लिए उत्पादन करते हैं। औषधीय पौधों की खेती और कृषि उद्यिमता को बढ़ावा देने में अभूतपूर्व प्रगति देखने को मिली है।वैज्ञानिक डॉ. कुणाल भट्टाचार्य ने कृषि उद्यिमता को पतंजलि से जोड़ते हुए इसके योगदान की विस्तार से व्याख्या की। एचएनबी गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर के वानिकी और प्राकृतिक संसाधन विभाग के डॉ. जितेंद्र सिंह बुटोला ने कहा कि औषधीय पौधों को रासायनिक खाद और कीटनाशकों की कम आवश्यकता होती है,जिससे इनकी लागत कम रहती है।कार्यक्रम का संचालन डॉ. दीपिका श्रीवास्तव ने किया। धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रो. मयंक अग्रवाल ने इस प्रकार के कार्यक्रमों को जीवन के लिए महत्त्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर पतंजलि परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का समापन

**कोटपूतली।** राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का बुधवार को समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ शारदे की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। स्वयंसेविका सपना शेखावत, प्रियंका जाट एवं राखी दहिया ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इसके पश्चात स्वयंसेवक सोहन द्वारा निर्मित राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत का वीडियो प्ले किया गया। सर्वप्रथम राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविका रिया जाखड़ ने शिविर के गत दिवस की गतिविधियों की संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की। राष्ट्रीय सेवा योजना में होने वाली गतिविधियाँ स्वयंसेवकों को स्वस्थ एवं संतुलित समाज निर्माण में मुख्य भूमिका अदा करने में सहयोग करती हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र सेवा योजना का लक्ष्य स्वयंसेवकों को अच्छे नागरिक बनाना है। शिविर के बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता प्रो. पी. सी. जाट ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के दौरान सीखी गई समस्त जानकारी का वाहक बनने के लिए प्रेरित किया और दूत के रूप में उन्हें समाज तक पहुँचाने पर बल दिया। उन्होंने स्वयंसेवकों को सुकरात दार्शनिक से प्रेरणा लेते हुए समाज की कुरीतियों को तर्क-वितर्क से दूर करने के लिए प्रोत्साहित किया। वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो. सुरेश कुमार यादव ने स्वयंसेवकों को सेवा भाव जाग्रत कर राष्ट्र सुधार के लिए सम्बोधित किया। एनएसएस संयोजक सज्जन सिंह यादव ने शिविर के दौरान जिन स्वयंसेवकों ने विशिष्ट योगदान दिया, उनका परिचय सदन से करवाया एवं अंतयेष्टि शीर्षक की लघु कविता प्रस्तुत की।

स्वयंसेविका कविता बाई ने देश भक्ति कविता प्रस्तुत की। बौद्धिक सत्र के पश्चात चारों ईकाईयों के स्वयंसेवकों ने कैंटीन के पास स्थित निकुंज उद्यान में जाकर श्रमदान किया। राष्ट्रीय सेवा योजना कक्ष के सामने स्थित मैदान में सजावटी पौधे लगाये। शिविर के सातवें दिवस की समाप्ति पर स्वयंसेवकों द्वारा अपने अनुभव साझा किये गये। संचालन स्वयंसेविका सरिता रावत एवं पूजा यादव ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान प्रो. मधु नागर, प्रो. बबिता, प्रो. संदीप कुमार आर्य, प्रो. शुभलता यादव, प्रो. जितेंद्र कुमार यादव, प्रो. सत्यवीर यादव, प्रो. कपूर चंद वर्मा, प्रो. विकास यादव, प्रो. मुकेश कुमार अग्रवाल समेत अन्य मौजूद रहे।

# चोरी के खुलासे की मांग को लेकर प्रागपुरा थाने में धरना प्रदर्शन



ग्रामीणों से समझाइश करते डीवाईएसपी।

**पावटा।** 4 फरवरी व 9 मार्च की रात गांव बड़नगर स्थित दुले सिंह का बास धर्मशाला में लाखों रुपए की कीमत के बर्तनों की हुई चोरी की घटना का उद्भेदन नहीं होने से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने बुधवार को प्रागपुरा थाना परिसर में रोषपूर्ण धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के उपरांत सभी ग्रामीण थाना परिसर में बैठ कर चोरी का जल्द खुलासा करने की मांग को लेकर नारेबाजी करने लगे। लोगों का कहना था कि महज एक माह के भीतर गांव बड़नगर दुले सिंह का बास स्थित धर्मशाला का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा समाज के लोग शादियों व अन्य कार्यक्रमों में जिन बर्तनों का उपयोग करते है। जिन्हें अज्ञात चोर ताला तोड़कर वाहन में भरकर ले गए। 4 फरवरी को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम देते हुए करीब 8 लाख की कीमत के पीतल व सिल्वर के बर्तन व 9 मार्च को करीब 3 लाख की कीमत के पीतल व सिल्वर के बर्तन चोरी कर ले गए। जिसमें एक का भी उद्भेदन पुलिस प्रशासन द्वारा नहीं किया गया है।

उनका आरोप था कि चोरी की घटनाएं धर्मशाला को लक्ष्य कर घट रही हैं। इस अपराध में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने बुधवार को प्रागपुरा थाना पर धरना प्रदर्शन कर अपराधी को जल्द गिरफ्तारी को लेकर नारेवाजी की। आक्रोशित लोगों को शांत करने के लिए गांव के पांच सदस्यों की टीम के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली वैभव शर्मा, वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत, प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह से सकारात्मक वार्ता एवं घटना के शीघ्र उद्भेदन के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने अपना धरना समाप्त किया। वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत, प्रागपुरा

> ■ अपराधियों को जल्द पकड़ने के आश्वासन के बाद धरना हुआ समाप्त

थाना प्रभारी किरण सिंह ने आश्वस्त किया कि अनुसंधान में प्रगति है। अपराधियों को जल्द पकड़ लिया जाएगा के आश्वासन के बाद सभी ग्रामीण थाना परिसर से वापस लौटे। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य सागर नवदिया, राकेश मिश्रा, रणधीर झा, रमेश बाबा,अशोक साहु, सुमित मांउबेहटिया, परमानन्द यादव,सहित कई अन्य कार्यकर्ता सहित भाड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे। इस दौरान रणजीत सिंह शेखावत, रामकरण सरपंच, रामावतार सिंह, सूरजमल, भागाराम, सरदारमल, हनुमान साहरण, मुकेश सिंह, कैलाश सिंह, जिला पार्षद तेजपाल धनवाड़िया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### फागोत्सव का आयोजन

**श्रीमाधोपुर।** कस्बे में अग्रवाल समाज द्वारा फागोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। योगेश चौधरी ने बताया कि अग्रवाल समाज भवन श्रीमाधोपुर में होली फ़ागोउत्सव का आयोजन किया गया जिसमें श्रीमाधोपुर नगर की अग्रवाल महिलाएं एवं पुरुष जैन शामिल हुए ।फागोत्सव में नीमकाथाना गायिका कामिनी शर्मा एवं श्रीमाधोपुर गायक पवन शर्मा ने सुंदर-सुंदर बाबा श्याम के भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं का मन मोह लिया। श्याम बाबा के भजनों पर सभी महिलाएं एवं पुरुष नृत्य करते हुए नजर आए । श्याम बाबा के भजनों पर श्रोताओं ने जम कर फूलों की होली खेली।दरबार नितेश गर्ग ने सजाया जो काफी वर्षों से महाकाल एवं बाबा श्याम का दरबार सजाते आ रहे है।महिला मंडल अध्यक्ष कनक गुप्ता,मंत्री दीपा गोयल, क्षमा कायल, तृप्ति चौधरी, ऊषा नरेडी, भूमिका चौधरी, पूजा चौधरी,मधु चौधरी, अग्रवाल समाज समिति अध्यक्ष बाबूलाल चौधरी, बजरंग जी अमररिया, चौधरी, गौरव अग्रवाल,प्रिंस कसेरा, व अनेकों अग्रवाल महिला और पुरुष मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### खाद्य पदार्थों के सैम्पल लेने की कार्रवाई

**अलवर।** खाद्य एवं औषधि नियंत्राण आयुक्त जयपुर के निर्देशानुसार जिले में चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत होली के त्योहार पर खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम हेतु शहर के विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई कर खाद्य पदार्थों के सैम्पल लेकर जांच की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि पूर्व में मिल्क फूड ब्राण्ड घी के नमूने जांच में अवमानक पाये जाने पर केडलगंज स्थित फर्म मैसर्स कपिल कुमार सचिन कुमार घी मिल्क फूड की एजेन्सी से पैकिंग के एक-एक नमूने लेकर शेष बचे 117 लीटर घी मिल्क फूड ब्राण्ड की 900 मिली. वजनी के 104 पैकेट एवं 450 मिली. के 46 पैकेट को जब्त किया गया। इसी प्रकार नयाबास चौराहा स्थित मैसर्स नरेश मिष्ठान भण्डार से पनीर का सैम्पल, टाउन हाल के सामने स्थित मैसस पंकज सेल्स कार्पोरेशन व कालाकुआं हाउसिंग बोर्ड स्थित मुकेश स्वीटस से एक-एक घी का नमूना, मनुमार्ग स्थित मैसर्स सागर स्वीट्स से कलाकंद का नमूना जांच हेतु लिया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान लिए गए नमूने जांच रिपोर्ट में अवमानक पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध एडीएम न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें 5 लाख तक के जुर्माने का प्रावधान है तथा जांच में खाद्य पदार्थ असुरक्षित पाये जाने पर उनके विरूद्ध सीजेएम न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया जाएगा जिसमें सजा एंव जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि टीम द्वारा सभी खाद्य व्यापारियों को प्रतिष्ठान पर साफ-सफाई से कार्य करने, खाद्य पदार्थों को ढक्कर रखकर बिक्री करने एवं खाद्य लाइसेंस को दुकान पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिये।

### सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित

**कोटपूतली।** जिला पुलिस लाईन में एसपी राजन दुष्यंत की अध्यक्षता में बुधवार को आगामी त्यौहारों के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर जिला स्तरीय सीएलजी सदस्यों की बैठक का आयोजन हुआ। एसपी ने सीएलजी सदस्यों को उनके बैसिक उद्देश्य की जानकारी दी व समाज में बेहतर पुलिसिंग सेवा देने का आश्वान दिया। कानून व्यवस्था बनाने के लिये सीएलजी सदस्यों से सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिये चर्चा की। सीएलजी सदस्यों द्वारा क्षेत्र में गश्त बढ़ाने, चोरी की वारदातों का खुलासा करने, किरायदारों का सत्यापन व ट्रेफिक व्यवस्था में सुधार करवाने के बारे में अवगत करवाया गया। जिनके त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। आगामी त्यौहार होली, धुलंडी, शीतला अष्टमी, रंग तेरस, जुमातुल विदा, ईद उल फितर, महावीर जयंती, रामनवमी सहित विभिन्न त्यौहारों को सौहार्द एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। एसपी ने कहा कि भारत विविधताओं का देश है, जहां सभी त्यौहार मिल जुलकर मनाये जाते हैं। उन्होंने कानून व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। साथ ही सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार से बचने और परम्पराओं के अनुसार त्यौहार मनाने का आग्रह किया एवं आगामी त्यौहारों की शुभकामनायें भी दी। बैठक में एएसपी वैभव शर्मा, डीएसपी राजेन्द्र बुरडक, थानाधिकारी राजेश शर्मा, पुलिस निरीक्षक, सीएलजी सदस्य, सेवानिवृत अधिकारियों व कर्मचारियों सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### पालिका ने तोड़ी गई सड़क की सुध ली

**सांभरझील,** (निसं)। सिस्टम नकारा हो और राजनेताओं का खुलकर सपोर्ट हो तो फिर चाहे जनता तकलीफ में ही क्यों ना हो अधिकारियों को इससे कोई लेना-देना नहीं है। छोटा बाजार से देवयानी की तरफ जाने वाली रोड को एक व्यक्ति विशेष के निजी जल कनेक्शन के लिए तोड़ी गई सड़क करीब 6 माह से लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है, लेकिन निजी फायदा पहुंचाने के लिए अवैध तरीके से तोड़ी गई सड़क को 6 माह से इसलिए नहीं सुधारा गया कि अवैध कनेक्शन किया जा सके, लेकिन जागरुक पार्षद ज्योति कुमावत, उनके पति टीकमचंद कुमावत व पार्षद शकील और आम जनता की जागरूकता के कारण अवैध जल कनेक्शन तो जलदाय विभाग नहीं कर पाया और इसी अडामेंट के चलते खोदी गई सड़क को भी ठीक नहीं करवाया गया। अब जबकि नंदीकेश्वर की सवारी धूलंडी के रोज निकलेगी इसी को मद्देनजर रखते हुए लोकलाज के डरर से या यूं कहे भारी दवाव के कारण पालिका ने सड़क को ठीक तो कराया लेकिन अपनी ओछी मानसिकता दिखाते हुए शेष खुदी हुई सड़क का काम को पूरा नहीं किया। यहां की पार्षद ज्योति कुमावत का कहना है कि हमारी इस संबंध में अधिशाषी अधिकारी से बात हुई है उनका कहना था कि मैटेरियल खत्म हो गया था, इसलिए सड़क का काम कल पूरा किया जाएगा, उन्होंने खुद ने भी मौका निरीक्षण किया है।

### अभिनव शर्मा कोटा यूनिवर्सिटी के एनईपी स्टूडेंट एंबेसडर मनोनीत

**श्रीमाधोपुर।** यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (यूजीसी) ने अभिनव शर्मा को कोटा यूनिवर्सिटी का राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) स्टूडेंट एंबेसडर मनोनीत किया है। अभिनव श्रीमाधोपुर की राजीव कॉलोनी निवासी किशोर कुमार शर्मा के पौत्र और गजेन्द्र कुमार शर्मा के पुत्र हैं और कोटा यूनिवर्सिटी से बी फार्मा कर रहे हैं। उनका मनोनयन कोटा यूनिवर्सिटी की अनुशंषा पर किया गया है।अभिनव शर्मा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सफल क्रियान्वयन, विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों को लागू करने में सक्रिय रूप से भाग लेने हेतु प्रोत्साहित करने,इसके प्रभावों को समझने और शंकाओं के समाधान हेतु यूजीसी और छात्रों के बीच एक सेतु की भूमिका निभाएगा। शहर के अनेक प्रबुद्धजनों ने इस उपलब्धि पर अभिनव को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### वार्षिकोत्सव 15 को

**कोटपूतली।** श्री श्याम स्नेह सेवा समिति ढ़ाढ़ा (सुदरपुरा) के तत्वाधान में 15 मार्च शनिवार को गांव के श्री नृसिंह मन्दिर प्रांगण में श्री श्याम बाबा का 24 वाँ वार्षिकोत्सव एवं भण्डारे का आयोजन किया जायेगा। श्री बिहारी दास महाराज नाड़ा धाम द्वारा द्वीप प्रज्जवलित करके जागरण का शुभारम्भ किया जायेगा। इस मौके पर कोटपूतली, नारेहड़ा, रघुनाथपुरा, चौकी गोरधनपुरा, राजनौता, प्रागपुरा, पावटा, भाबरु, दांतिल पवाना, बहरोड़, रामसिंहपुरा एवं आसपास के मंडल के श्याम भक्त भाग लेंगे। समिति के विनोद कौशिक ने बताया कि श्याम जागरण में गायक कलाकार हरिकिशन शर्मा, बीरबल सिंह साईवाड़, डीजे किंग गायक प्रकाश गुर्जर, कैलाश छैला, डांसर सिमरन, मन्नु तंवर, निशा यादव, रामप्रकाश भड़ाणा, शिवानी म्यूजिकल ग्रुप माईवाड़ श्याम बाबा के भजनों का गुणगान करेंगे। इस दौरान समिति के गुलाब सिंह, जुगल सिंह, गोपाल शर्मा, शिवपाल सिंह, विजेंद्र जांगिड़, सुभाष जांगिड़, कप्तान सिंह, बलबीर सिंह सहित अनेक भक्तगण अपनी सेवायें देंगे।

### 'राइजिंग राजस्थान को लेकर हुए एमओयू की अधिकारी सतत मॉनिटरिंग करें'

**टोंक।** जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने बुधवार को राइजिंग राजस्थान के अंतर्गत हुए टोंक जिले से संबंधित एमओयू को धरातल पर उतारने को लेकर कलेक्ट्रेट कक्ष में संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक ली। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक संजय जैन ने बताया कि टोंक जिले में राइजिंग राजस्थान के तहत 185 एमओयू हुए थे। उनमें से 20 प्रारंभ हो चुके है। निर्माण स्तर पर 54 कार्यरत है। भूमि आवंटन को लेकर 27 एमओयू प्रगतिरत है। बैठक में एडीएम रामरतन सौकरिया, रीको के एमडी सीताराम मीणा, विद्युत विभाग के एसई केएल पटेल, सीएमएचओ डॉ. शैलेंद्र सिंह चौधरी, सीडीईओ सुशीला करनानी, जिला उद्योग अधिकारी रमाकांत शर्मा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### शिविर 16 से

**श्रीमाधोपुर।** अर्शभगंदर गुदा रोग का शिविर कस्बेमें 16 मार्च रविवार से 25 मार्च मंगलवार तक बजाज धर्मशाला श्रीमाधोपुर में अर्शभगंदर, पाईल्स, फिस्टूला, गुदा रोगों का शल्य चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा जिसमें आयुर्वेद के विशेषज्ञ डाक्टर उपचार देंगे।

